प्रेषक,

क्षेत्रपाल
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

(संलग्नक में उल्लिखित)
सम्बन्धित समस्त मुख्य विकास अधिकारी/
अधिशासी निदेशक, मत्स्य पालक विकास अभिकरण
उत्तर प्रदेश ।

मत्स्य उत्पादन अनुभाग लखनऊ: दिनॉक 09 नवम्बर, 2012

विषय:- वित्तीय वर्ष 2012-13 में जल प्लावित क्षेत्रों में मत्स्य पालन विविधीकरण योजना हेतु वित्तीय स्वीकृति (प्रथम किश्त)

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या:543/नि0शा0 दिनॉक 01-11-2012 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय जल प्लावित /निष्प्रयोज्य भूमि को आवश्यकतानुसार मत्स्य पालन योग्य तालाब में परिवर्तित करने के लिये जल प्लावित क्षेत्रों में मत्स्य पालन विविधीकरण योजनान्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2012-13 में प्राविधानित धनराशि रूपया 250.00 लाख की 50% (प्रथम किश्त) अर्थात रूपया 125.00 लाख (रूपया एक करोड़ पचीस लाख) मात्र की धनराशि संलग्नक में उल्लिखित विवरणानुसार आपके निस्तारण पर रखते हुए निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आहरित कर व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

1. उपरोक्त स्वीकृत धनराशि को पूर्व निर्धारित नियमों एवं शर्तों तथा गाइड लाइन्स के अधीन व्यय किया जायेगा। तथा स्वीकृत धनराशि को किसी भी दशा में अग्रिम आहरित कर किसी बैंक/पी0एल0ए0 में जमा नहीं की जायेगी। उक्त धनराशि का सम्पूर्ण व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2012-13 में किया जायेगा, जिसकी वित्तीय/भौतिक प्रगति दिनॉक 15-03-2013 तक शासन को उपलब्ध करायी जायेगी।

2. उपरोक्त धनराशि के संलग्नक में उल्लिखित जनपदों की प्राचीन झीलों को सुधार कर झीलों का विकास मत्स्य पालन के दृष्टिकोण से किया जायेगा। यह परियोजना छोटे जल प्लावित क्षेत्रों में क्रियान्वित की जायेगी। डा० राम मनोहर लोहिया समग्र विकास ग्राम में चयनित ग्रामों में उपलब्ध जल प्लावित क्षेत्रों का प्राथमिकता के आधार पर सुधार किया जायेगा, सुधारोपरान्त यह तालाब शासन की प्राथमिकताओं के

....2....

अनुरूप चयनित लाभार्थियों को आवंटित कर मत्स्य पालन का कार्य कराया जायेगा। सुधार पर व्यय नाबार्ड द्वारा निर्धारित मानकों अथवा कार्यदायी संस्था के आगणन के अनुसार कार्य कराया जायेगा। जहाँ पर आवश्यकता हो वहाँ सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त कर ली जाय। किसी भी प्रकार की अनियमितता अवांछनीय होगी।

3- उपरोक्त होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2012-13 के अनुदान संख्या-17 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2405-मछली पालन-आयोजनागत-0101-अन्तर्देशीय मछली पालन-04-मत्स्य विकास कार्यक्रम,0406-जल प्लावित क्षेत्रों में मत्स्य पालन विविधीकरण-27-सब्सिडी" के नामे डाला जायेगा ।

यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या:बी-1-1515/दस-2012-231/2012 दिनाँक 09 जुलाई,2012 में दिये गये निर्देशानुसार जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक-उक्तवत् ।

भवदीय,

(क्षेत्रपाल)
उप सचिव ।

संख्या: 2455(1)/सत्रह-म0-2012 तद्दिनाँक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार उत्तर प्रदेश,इलाहाबाद ।
2. निदेशक मत्स्य,उत्तर प्रदेश लखनऊ ।
3. सम्बन्धित मण्डल के मण्डलायुक्त,उत्तर प्रदेश ।
4. सम्बन्धित जिलाधिकारी,उत्तर प्रदेश ।
5. सम्बन्धित कोषाधिकारी,उत्तर प्रदेश ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1/नियोजन अनुभाग-2
7. गार्ड फाइल/सम्बन्धित समीक्षा अधिकारी ।

आज्ञा से,

(क्षेत्रपाल)
उप सचिव ।

कार्यालय - निदेशक मत्स्य - उ0प्र0- लखनऊ ।
पत्रांक 519 नि0शा0 /कै0नि0म0/2012 दिनांक 26.11.2012

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. संयुक्त निदेशक मत्स्य,मुख्यालय ।
2. वित्त एवं लेखाधिकारी, मुख्यालय ।
3. प्रशासनिक अधिकारी, लेखा शाखा एवं प्रभारी नियोजन शाखा, मुख्यालय ।
4. सम्बन्धित उप निदेशक मत्स्य, उ0प्र0,लखनऊ ।
5. सम्बन्धित समस्त सहायक निदेशक मत्स्य/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश ।

(डी0के0सिंह)
निदेशक मत्स्य,उ0प्र0,लखनऊ ।

शासनदेश संख्या : 2455/सत्रह-म0-2012-11-1(12)/2007 दिनांक 09 नवम्बर, 2012

का संलग्नक ।

रू0 लाख में

| क्र0सं0 | मण्डल | जनपद | आच्छादित किये जाने वाले जलक्षेत्र (हे0में) | आवंटन हेतु कुल धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1- | आगरा मण्डल | 1- फिरोजाबाद | 1.000 | 1.000 |
| | | 2- मैनपुरी | 1.000 | 1.000 |
| | | 3- मथुरा | 1.000 | 1.000 |
| 2- | अलीगढ़ मण्डल | 4- अलीगढ़ | 1.000 | 1.000 |
| | | 5- एटा | 0.500 | 0.500 |
| 3- | आजमगढ़ मण्डल | 6- आजमगढ़ | 1.000 | 1.000 |
| 3- | | 7- मऊ | 1.000 | 1.000 |
| | | 8- बलिया | 2.500 | 2.500 |
| 4- | इलाहाबाद मण्डल | 9- इलाहाबाद | 2.500 | 2.500 |
| | | 10- प्रतापगढ़ | 2.500 | 2.500 |
| 5- | कानपुर मण्डल | 11- कानपुर देहात | 1.000 | 1.000 |
| | | 12- इटावा | 1.000 | 1.000 |
| 6- | गोरखपुर मण्डल | 13- गोरखपुर | 2.500 | 2.500 |
| | | 14- महराजगंज | 2.500 | 2.500 |
| | | 15- देवरिया | 1.500 | 1.500 |
| | | 16- कुशीनगर | 10.000 | 10.000 |
| 7- | चित्रकूटधाम मण्डल | 17- महोबा | 0.500 | 0.500 |
| 8- | झाँसी मण्डल | 18- झाँसी | 2.000 | 2.000 |
| | | 19- जालौन | 1.000 | 1.000 |
| 9- | देवीपाटन मण्डल | 20- गोण्डा | 3.000 | 3.000 |
| | | 21- बलरामपुर | 3.000 | 3.000 |
| | | 22. बहराइच | 4.000 | 4.000 |
| | | 23- श्रावस्ती | 3.000 | 3.000 |
| 10- | फैजाबाद मण्डल | 24- फैजाबाद | 2.500 | 2.500 |
| | | 25- अम्बेडकरनगर | 1.000 | 1.000 |
| | | 26- सुल्तानपुर | 2.500 | 2.500 |
| | | 27- बाराबंकी | 2.500 | 2.500 |
| 11- | बरेली मण्डल | 28- बरेली | 5.000 | 5.000 |
| | | 29- बदायूँ | 4.000 | 4.000 |
| | | 30- शाहजहाँपुर | 5.000 | 5.000 |
| | | 31- पीलीभीत | 5.000 | 5.000 |

...2...

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 12- | बस्ती मण्डल | 32- संतकबीरनगर | 7.500 | 7.500 |
| | | 33- सिद्धार्थनगर | 10.000 | 10.500 |
| 13- | लखनऊ मण्डल | 34- रायबरेली | 7.500 | 7.500 |
| | | 35- सीतापुर | 3.500 | 3.500 |
| | | 36- हरदोई | 2.500 | 2.500 |
| | | 37- लखीमपुर खीरी | 5.000 | 5.000 |
| 14- | वाराणसी मण्डल | 38- चन्दौली | 2.500 | 2.500 |
| | | 39- गाजीपुर | 5.000 | 5.000 |
| | | 40- जौनपुर | 5.000 | 5.000 |
| | | कुल योग: | 125.000 | 125.00 |

§ कुल रूपया एक करोड़ पचीस लाख मात्र §

§ क्षेत्रपाल §
उप सचिव ।